# साल भर में यूपी की कंपनियों की पौ बारह

## प्रदेश की 11 लिस्टेड कंपनियों के शेयर भाव बाजार की चाल से औसतन 36% से भी ज्यादा बढ़े

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। रोज नए कीर्तिमान गढ़ रहे शेयर बाजार ने यूपी के निवेशकों और कंपनियों को भी खासा मुनाफा दिया है। इस दौरान प्रदेश की 11 लिस्टेड कंपनियों के शेयर भाव औसतन 36 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ गए हैं। सालभर में कंपनियों के शेयर करीब 80 हजार करोड़ रुपये के हो गए, जो इसी अवधि में पिछले साल लगभग 50 हजार करोड़ रुपये थे।

स्टॉक मार्केट में यूपी की हिस्सेदारी करीब छह फीसदी है। 300 लाख करोड़ से भी ज्यादा का कुल स्टॉक मार्केट है। इसमें करीब 18 लाख करोड़ रुपये यूपी से लगे हैं। निवेशकों की संख्या भी 90 लाख से ज्यादा हो गई है। शेयर बाजार में निवेशकों के लिहाज से यूपी देश में तीसरे नंबर पर है। पहले नंबर पर महाराष्ट्र है और दूसरे नंबर पर गुजरात है। शेयर बाजार की छलांग से यूपी की कंपनियों और निवेशकों को जमकर फायदा हुआ है। प्रदेश की कंपनियों ने अच्छा मुनाफा कमाया है और अपने शेयरधारकों को मोटा डिविडेंड (लाभांश) भी दिया है।

| यूपी की सूचीबद्ध कंपनियां | शेयर जुलाई 2022 | शेयर जुलाई 2023 | वृद्धि | बाजार पूंजीकरण |
|---|---|---|---|---|
| गणेशा इकोस्फेयर | 612.2 | 1025.5 | 67.51 | 2253 करोड़ |
| एक प्रकाशन समूह | 52.4 | 87.95 | 67.75 | 1778 करोड़ |
| बजाज हिन्दुस्तान शुगर | 12.15 | 16.75 | 37.45 | 2130 करोड़ |
| पीटीसी इंडस्ट्रीज | 3070.15 | 4064.25 | 32.38 | 3783 करोड़ |
| जेके सीमेंट | 2234.05 | 3323.1 | 49.06 | 25664 करोड़ |
| डिक्सॉन टेक्नोलाजीज | 3741.25 | 4245 | 13.46 | 25245 करोड़ |
| रोटो पंप्स लिमिटेड | 229.68 | 373.25 | 62.51 | 1173 करोड़ |
| सिम्भावली शुगर्स लिमिटेड | 22.45 | 24.05 | 7.13 | 99 करोड़ |
| त्रिवेणी इंजीनियरिंग | 251.4 | 287.8 | 10.9 | 6097 करोड़ |
| सुपरहाउस ग्रुप | 191.75 | 211.75 | 10.43 | 233 करोड़ |
| सुपर टेनरी लिमिटेड | 6.81 | 7.36 | 8.08 | 79 करोड़ |

### 30 हजार करोड़ की वृद्धि मामूली बात नहीं

शेयर बाजार में मची सकारात्मक हलचल ने यूपी की कंपनियों को उम्मीद से बेहतर ग्रोथ दी है। कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 30 हजार करोड़ की वृद्धि कोई छोटी बात नहीं है। बीएसई-एनएसई में यूपी की हिस्सेदारी करीब छह फीसदी हो गई है। यहां से लगभग 18 लाख करोड़ रुपये शेयर बाजार में लगे हैं।

**-वैभव अग्निहोत्री, अध्यक्ष, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (नादर्न रीजन)**

### बड़ी कंपनियों पर दिख रहा दबाव

बाजार में अनुमान से ज्यादा उछाल है। यही वजह थी कि शुक्रवार को बाजार 1.25 फीसदी नीचे आ गया। बड़ी कंपनियों पर दबाव दिख रहा है। ऐसे में बाजार अभी और नीचे आ सकता है। अगर अब बढ़ा तो टिकेगा नहीं। दिवाली तक यही उतार चढ़ाव रहेगा। फिर शेयर बाजार इलेक्शन मोड में चला जाएगा। कोई बड़ी हलचल नहीं होगी। फिर सरकार बनने के बाद अगले साल ही तेजी या मंदी का असर दिखेगा। - राजीव तुलस्यान, वरिष्ठ विशेषज्ञ स्टॉक मार्केट।